# संक्षिप्त खबरें

## श्रीभूमि जिले के पाथारकांदी में भाजपा की बड़ी जीत

कृष्णेंदु पाल ने कांग्रेस प्रत्याशी को हराया



**असम (श्रीभूमि):** श्रीभूमि जिले के पाथारकांदी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन करते हुए बड़ी जीत दर्ज की है। भाजपा प्रत्याशी कृष्णेंदु पाल ने कांग्रेस उम्मीदवार कार्तिक सेन सिन्हा को भारी मतों के अंतर से पराजित किया। चुनाव परिणामों के अनुसार, कृष्णेंदु पाल ने कुल 98,101 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कार्तिक सेन सिन्हा को 51,337 वोट मिले। इस तरह भाजपा उम्मीदवार ने 46,000 से अधिक मतों के अंतर से यह सीट अपने नाम की। यह जीत पाथारकांदी क्षेत्र में भाजपा के मजबूत लोकप्रियता को दर्शाती है।गणना के दौरान शुरू से ही भाजपा प्रत्याशी ने बढ़त बनाए रखी और अंततः निर्णायक जीत हासिल की। क्षेत्र के में भाजपा की यह जीत न केवल पार्टी के लिए एक बड़ी राजनीतिक सफलता है, बल्कि श्रीभूमि जिले में उसके संगठनात्मक प्रभाव को भी और मजबूत करती है।

## उत्तर करीमगंज में कांग्रेस की बड़ी जीत जाकारिया अहमद (पान्ना) ने भाजपा प्रत्याशी को हराया



**श्रीभूमि:** असम के उत्तर करीमगंज विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी जीत दर्ज की है। कांग्रेस उम्मीदवार जाकारिया अहमद (पान्ना) ने भाजपा प्रत्याशी सुब्रत भट्टाचार्य को हराकर सीट अपने नाम कर ली। चुनाव परिणामों के अनुसार, मतगणना के शुरुआती रुझानों से लेकर अंतिम चरण तक जकरिया पन्ना लगातार बढ़त बनाए रहे और अंततः निर्णायक अंतर से विजयी घोषित हुए। पूरे निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस परिणाम को क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जहां भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। जकरिया अहमद की यह जीत पार्टी के लिए एक बड़ी राजनीतिक सफलता मानी जा रही है। उत्तर करीमगंज में कांग्रेस की यह जीत आने वाले समय में स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकती है और क्षेत्र में पार्टी की स्थिति को मजबूत करेगी।

## आबकारी घोटाला: केजरीवाल-सिसोदिया-दुर्गेश पाठक के लिए तीन वरिष्ठ अधिवक्ता नियुक्त करेगा हाई कोर्ट




**दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले में ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व दुर्गेश पाठक के लिए न्याय मित्र नियुक्त करेगा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि न्याय मित्र नियुक्त होने के बाद मामले पर सुनवाई होगी। अदालत ने कहा कि मामले में तीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नियुक्ति की जाएगी। मामले पर अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

**क्यों केजरीवाल ने खुद को सुनवाई से किया अलग**

केजरीवाल-सिसोदिया और पाठक ने अदालत की कार्यवाही से खुद को अलग कर लिया है, क्योंकि मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने मांग वाली उनकी अर्जी को न्यायमूर्ति शर्मा ने ठुकरा दिया था।ट्रायल कोर्ट ने भ्रष्टाचार से जुड़े सीबीआई के मामले में केजरीवाल-सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपितों को आरोपमुक्त कर दिया था।

## इंजीनियर रशीद को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली राहत, पिता से मिलने एम्स जाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** अंतरिम जमानत की शर्तों में संशोधन की मांग को लेकर आतंकी फंडिंग मालमे में आरोपित व सांसद इंजीनियर रशीद द्वारा दायर की अर्जी को दिल्ली हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने रशीद को पुलिस हिरासत में एम्स दिल्ली में जाने की अनुमति दे दी। रशीद ने अर्जी दायर कर कहा है कि पूर्व आदेश में अदालत ने उन्हें श्रीनगर में रहने का आदेश दिया है, जबकि उनके पिता का स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है। ऐसे में उन्हें शर्तों में बदलाव कर उन्हें दिल्ली में रहने की अनुमति दी जाए।

# अमेरिका का 'फ्लाइंग गैस स्टेशन' कतर के आसमान से हुआ गायब, इमरजेंसी घोषित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** अमेरिका का बोइंग KC-135 स्ट्रैटोटैंकर, जो अमेरिकी सेना के विमानों के लिए 'फ्लाइंग गैस स्टेशन' का काम करता है, उसने '7700' का संकट का संकेत जारी किया। Flightradar24 के अनुसार, यह घटना तब हुई जब विमान मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के पास से फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ान भर रहा था, इसी दौरान इमरजेंसी घोषित कर दी। अमेरिका का यह विमान संयुक्त अरब अमीरात के अल धाफरा एयर बेस से उड़ा था, जिसके बाद कतर के ऊपर से इसके संकेत मिलने बंद हो गए। खबरों के मुताबिक, यह विमान मिडिल-ईस्ट में चल रहे सैन्य अभियानों में मदद के लिए काम कर रहा था।

**इमरजेंसी का असली कारण अभी साफ नहीं**

फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि विमान लैंडिंग के लिए नीचे उतरने से पहले, कुछ देर तक हवा में गोल-गोल घूमता रहा। इमरजेंसी का असली कारण अभी साफ नहीं है और इस घटना का किसी दुश्मन की कार्रवाई से कई संबंध होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**ईरान की ओर से नहीं आया कोई बयान**

ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी Fars ने Flightradar24 के डेटा का हवाला देते हुए इस विमान के गायब होने की खबर दी। ईरान की ओर से ऐसा कोई बयान नहीं आया है जिससे यह लगे कि अमेरिकी सेना के इस विमान की इमरजेंसी में उसका कोई हाथ है। वहीं अमेरिकी सेना ने भी विमान की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

**क्या है KC-135 स्ट्रैटोटैंकर?**

KC-135 स्ट्रैटोटैंकर एक सैन्य विमान है, जिसके पीछे की ओर मुड़े हुए पंख के नीचे चार टर्बोफैन इंजन लगे होते हैं और इसका मुख्य इस्तेमाल हवा में ही दूसरे विमानों में ईंधन भरने के लिए किया जाता है। इस विमान में ईंधन भरने वाले सिस्टम के ऊपर एक कार्गो डेक होती है, जिससे यह यात्रियों के साजो-सामान को भी ले जा सकता है। यह पिछले 60 सालों से अमेरिकी वायुसेना के अभियानों का एक अहम हिस्सा रहा है।

# डराने की तैयारी में आलिया भट्ट

● इस धांसू हॉरर फ्रेंचाइजी फिल्म में हुई एंट्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** साल 2026 और 2027 के लिए आलिया भट्ट के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें यशराज फिल्म्स की स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' और संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' शामिल हैं। इसी बीच एक्ट्रेस के हाथ अब एक और बेहद सफल फ्रेंचाइजी लग गई है। इस मूवी में उनका रोल बहुत बड़ा तो नहीं है, लेकिन काफी पावरफुल जरूर है। कौन-सी है वह सफल हॉरर फ्रेंचाइजी, जिससे 'पटाखा गुड्डी' जुड़ने जा रही हैं? नीचे विस्तार से पढ़ें पूरी डिटेल्सः

**हॉरर फैंटेसी ड्रामा में हुई आलिया भट्ट की एंट्री**

पिंकविला की एक्सक्लूसिव रिपोर्ट की मानें तो, एक्शन से लेकर रोमांस और कई सीरियस रोल्स करने के बाद अब आलिया भट्ट 'तुम्बाड़ 2' के साथ हॉरर वर्ल्ड में कदम रखने जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद 'तुम्बाड़' की इस सफल फ्रेंचाइजी से हाल ही में आलिया भट्ट का नाम भी जुड़ गया है और उन्होंने इस फिल्म के लिए शूटिंग भी शुरू कर दी है। वह तकरीबन 20 दिन तक इस फिल्म की शूटिंग करने वाली हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो 'तुम्बाड़ 2' में उनका स्क्रीन टाइम काफी लिमिटेड है, लेकिन उनका रोल बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण है, जो फिल्म में कई ट्विस्ट एंड टर्न लेकर आएगा। साथ ही यह किरदार तीसरी फिल्म की नींव भी रखेगा। उनके किरदार की कहानी 'तुम्बाड़ 3' में भी जारी रहेगी और वह सोहम शाह के साथ मिलकर फिल्म के क्लाइमेक्स में जान डालेंगी।

## बाल श्रम पर बड़ी कार्रवाई, 40 बच्चे रेस्क्यू, 4 कारखाने समेत 2 दुकानें सील



**दिल्ली।** जगजीत नगर, घोंडा में बाल श्रम के संबंध में मिली एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, यमुना विहार के SDM ने कार्रवाई शुरू की। चार यूनिट और दो दुकानों को सील कर दिया गया। लगभग 40 नाबालिग बच्चों को बचाया गया।बाल श्रम में बच्चों को लगाए जाने के संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके बाद, यमुना विहार के SDM उस्मानपुर पुलिस स्टेशन की पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ, मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की। बचाए गए बच्चों को एक बाल आश्रय गृह भेज दिया गया है।

# आग, पानी, कीड़े-मकौड़े, खतरनाक स्टंट्स... कैसे होगा कंटेस्टेंट्स का स्वागत?



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। नए सीजन को लेकर फैंस में एक्साइटमेंट है। कुछ दिनों पहले, कई प्रतियोगियों ने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री पोज 'K'वाली पोस्ट शेयर करके अटकलों को हवा दी थी। इससे इस बात को लेकर चर्चा बढ़ गई थी कि क्या ये लोग खतरों के खिलाड़ी में नजर आने वाले हैं। अब, कंटेस्टेंट्स के नामों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि हो गई है। इनमें कुछ पिछले सीजन के जाने-पहचाने चेहरे हैं और साथ में कई नए कंटेस्टेंट भी शामिल हैं। कलर्स ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पुष्टि की है कि नए कंटेस्टेंट्स के साथ पुराने कंटेस्टेंट की वापसी ने उत्साह को और बढ़ा दिया है, जिससे एक्शन से भरपूर सीजन के लॉन्च से पहले ऑनलाइन फैंस के बीच इसको लेकर चर्चा तेज हो गई है। आइए जानते हैं कौन-कौन से कलाकार होंगे शामिल।

**गौरव खन्ना**–अनुपमा सीरियल के अभिनेता गौरव खन्ना बिग बॉस 19 के हाल ही के विनर रहे हैं। एक्टर अब खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे। इस बारे में बात करते हुए खन्ना ने कहा कि खतरों के खिलाड़ी एक अलग तरह की परीक्षा है और उनका हमेशा से यही मानना रहा है कि जमीन से जुड़े रहना और चीजों को संयम से संभालना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि लोग उन्हें सालों से इसी रूप में देखते आए हैं, जिसने बिग बॉस 19 के दौरान भी दर्शकों को प्रभावित किया।

**रुबिना दिलैक**– इससे पहले रुबिना दिलैक को खतरों के खिलाड़ी सीजन 12 में देखा गया था। इस सीजन में कोरियोग्राफर तुषार कालिया विजेता बने थे।

**अविका गैर**– अविका गौर को खतरों के खिलाड़ी सीजन 9 में भी देखा गया था। उनके अलावा करण वाही भी शो में नजर आ सकते हैं जिन्हें पहले भी खतरों के खिलाड़ी सीजन 8 में हम देख चुके हैं। इसके अलावा हर्ष गुजराल का भी नाम सामने आ रहा है। ओरी को भी इस बार शो का मजबूत कंटेस्टेंट माना जा रहा है। वहीं खतरों के खिलाड़ी सीजन 9 का हिस्सा रहीं जैस्मिन भसीन और शगुन शर्मा का भी नाम कंटेस्टेंट की लिस्ट में है। अविनाश मिश्रा और फरहाना भट्ट भी खतरों के खिलाड़ी का हिस्सा होंगे, जबकि विशाल आदित्य सिंह को इससे पहले सीजन 11 में देखा जा चुका है।

## ऑनलाइन निवेश और टास्क फ्रॉड गिरोह का भंडाफोड़



**दिल्ली।** पूर्वी जिला के साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन निवेश और टास्क फ्रॉड करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपितों को उत्तराखंड के उधम सिंह नगर से गिरफ्तार किया है। ये आरोपित साइबर ठगों को म्यूल बैंक खाते उपलब्ध कराकर ठगी की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर कराने में मदद करते थे। पुलिस ने इनके पास से पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जांच में 3.40 लाख से अधिक की ठगी से जुड़े लिंक सामने आए हैं। न्यू अशोक नगर निवासी शशि रंजन भारती को 6 अप्रैल को एक व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़कर ठगों ने टास्क और निवेश के नाम पर 1,01,869 की ठगी कर ली। शिकायत के बाद साइबर थाना पूर्वी में मामला दर्ज हुआ। पुलिस जांच में पता चला कि ठगी की रकम आरोपितों के खातों में पहुंची, जिसे बाद में कई खातों में घुमाकर छिपाने की कोशिश की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए सभी आरोपितों को पकड़ लिया। राज बच्छर और समीर बच्छर अपने खाते देते थे, जबकि रोहित रे, रोहित मिस्त्री और हरीश सरकार अन्य खाते जुटाकर नेटवर्क को सप्लाई करते थे। सभी आरोपित कमीशन पर काम करते थे।

# जिले के रामकृष्णनगर में भाजपा की प्रचंड जीत

● विजय मालाकार ने 83,765 मतों के रिकॉर्ड अंतर से हासिल की ऐतिहासिक विजय

भाजपा का परचम लहराया, भारी अंतर से विजयी

समर्थकों ने आतिशबाजी व फूल-मालाओं से मनाया जश्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**श्रीभूमि–** असम के श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक ऐतिहासिक और प्रचंड जीत दर्ज की है। भाजपा उम्मीदवार विजय मालाकार ने कांग्रेस प्रत्याशी सुरुचि राय को 83,765 मतों के रिकॉर्ड अंतर से पराजित कर क्षेत्र में नया राजनीतिक इतिहास रच दिया। कुल 1,89,546 मतों में से विजय मालाकार को 1,34,013 मत प्राप्त हुए। मतगणना की शुरुआत से ही उन्होंने मजबूत बढ़त बनाए रखी, जो अंत तक निर्णायक अंतर में बदल गई। इस जीत के साथ उन्होंने लगातार तीसरी बार विधायक बनने का गौरव हासिल किया। लगातार तीसरी जीत का सफर विजय मालाकार ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 2019 के उपचुनाव से की थी, जब वे रताबाड़ी विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बने। 2021 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने जीत दर्ज कर दूसरी बार विधायक पद संभाला। अब रामकृष्णनगर नाम से परिवर्तित इसी क्षेत्र से उन्होंने तीसरी बार भारी अंतर से विजय प्राप्त की है। विवादों के बीच मिली जीत दूसरे कार्यकाल के दौरान उन पर नागरिकता से जुड़े आरोप लगे थे, जो वर्तमान में गुवाहाटी हाईकोर्ट में विचाराधीन हैं। इसके बावजूद पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुनः उम्मीदवार बनाया। विजय मालाकार ने जीत के बाद मीडिया के सामने प्रतिक्रिया दी जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत विकास और जनविश्वास की जीत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया को धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी जीत का अंतर लगातार बढ़ता गया है–पहली बार 24,000, दूसरी बार 46,000 और इस बार 83,765 मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज हुई है। समर्थकों में उत्सव का माहौल जीत की घोषणा के बाद रामकृष्णनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार जश्न मनाया। आतिशबाजी, फूल-मालाओं और गुलदस्तों के साथ लोगों ने अपनी खुशी व्यक्त की और 'भाजपा जिंदाबाद' के नारे लगाए। राजनीतिक प्रभाव राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह परिणाम असम की राजनीति में भाजपा की पकड़ को और मजबूत करता है तथा क्षेत्रीय चुनावी समीकरणों में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है।

# दीपक चाहर की बहन का हार्दिक पर तंज

● मालती ने सूर्यकुमार की कप्तानी की तारीफ की, बोलीं- फिर से पुरानी MI दिखी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



आईपीएल 2026 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। जैसे-जैसे आईपीएल अपने अंजाम की ओर आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे प्लेऑफ की जंग और दिलचस्प होती जा रही है। सोमवार को मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को हराकर खुद को प्लेऑफ की रेस में बनाए रखा। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 18.4 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में हार्दिक पांड्या नहीं खेल रहे थे और उनकी जगह सूर्यकुमार यादव कप्तानी कर रहे थे। मैच के बाद एमआई के तेज गेंदबाज दीपक चाहर की बहन मालती चाहर ने एक ऐसा पोस्ट किया है, जिसे फैंस हार्दिक पांड्या पर तंज मान रहे हैं। इस मैच से पहले हार्दिक की कप्तानी में मुंबई ने नौ में से सात मैच गंवाए थे। मालती ने लिखा कि लखनऊ के खिलाफ मैच में पुरानी मुंबई इंडियंस की झलक दिखी। साथ ही उन्होंने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की तारीफ भी की। मालती ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'फिर असली मुंबई इंडियंस जैसी फीलिंग आई! लगभग सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बहुत बढ़िया खेले रेयान रिकेल्टन और रोहित भैया! सूर्यकुमार की कप्तानी भी शानदार रही। और दीपक ने पूरे चार ओवर डाले, बहुत अच्छी गेंदबाजी भाई! यह सही मायनों में टीम गेम था। यही है मुंबई इंडियंस!' फैंस इस पोस्ट को हार्दिक पर तंज मान रहे हैं। हार्दिक की कप्तानी की जमकर आलोचना भी हो रही है। यह जीत पांच बार की चैंपियन टीम के लिए बड़ी राहत बनकर आई, जिससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रहीं। मुंबई की टीम फिलहाल अंक तालिका में नौवें स्थान पर है, जबकि लखनऊ आखिरी स्थान पर है। नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या पीठ में ऐंठन के कारण यह मैच नहीं खेल सके थे। दीपक चाहर को इस मैच से पहले पूरे चार ओवर भी डालने को नहीं मिल रहे थे। हालांकि, लखनऊ के खिलाफ उन्होंने चार ओवर में 43 रन दिए, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। दीपक ने अपने आखिरी दो ओवरों में सिर्फ 15 रन खर्च किए, जो लखनऊ सुपर जाएंट्स को 228 रन पर रोकने में बेहद अहम साबित हुआ। मैच के बाद कार्यवाहक कप्तान सूर्या ने कहा, 'सच कहूं तो हम इस सीजन में कई बार ऐसी स्थिति में रहे हैं। हमारे लिए यह कुछ नया नहीं था। मुझे पता था कि टी20 क्रिकेट में पावरप्ले के बाद सात से 10 ओवर का समय सबसे अहम होता है, जहां से मैच पलटा जा सकता है। हमें मालूम था कि अगर यहां-वहां दो विकेट मिल जाएं तो हम मुकाबले पर पकड़ बना सकते हैं। जिस तरह सभी गेंदबाजों ने जवाब दिया, उसने शानदार जज्बा दिखाया।' उन्होंने आगे कहा, 'करीब आठ या नौ ओवर तक लखनऊ ने एक या दो विकेट पर 110 या 120 रन बना लिए थे, मुझे ठीक से याद नहीं। लेकिन वहां से उन्हें 228 पर रोकना शानदार था।'

# बहन के अपमान का खौफनाक बदला

● नाबालिग भाई ने 'मीट कटर' से युवक को मौत के घाट उतारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** राजधानी के बाहरी दिल्ली इलाके में नाबालिगों द्वारा की जाने वाली अपराध की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब बहन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर किशोर ने मीट काटने वाला चाकू मारकर युवक की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित नाबालिग मौके से फरार हो गया। जिसे कुछ ही देर बाद पुलिस ने दबोच लिया। उत्तर पश्चिमी जिला पुलिस के अधिकारी के मुताबिक संगम पार्क निवासी अमन सोमवार सुबह करीब 9:40 बजे स्कूटी से अपने दोस्त के साथ रोजगार की तलाश में वजीराबाद जा रहा था। रास्ते में मलिकपुर में कूड़े के खत्ते के पास एक नाबालिग ने उन्हें रोक लिया। अमन जब तक कि कुछ समझ पाते उसने चाकू से उस पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए।

क्राइम

स्वतंत्र प्रभात

**दोस्त ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी मारा**

स्कूटी चला रहे दोस्त ने अमन को बचाने का प्रयास किया तो उसने चाकू से हमला कर उसे भी घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके इस बीच किशोर मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में दोस्त ने आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वारदात के बाद पुलिस ने कुछ ही देर में संगम पार्क क्षेत्र से ही नाबालिग को पकड़कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि अमन से उसकी जान-पहचान थी। उसने बहन को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसकी रंजिश के चलते ही उसने सोमवार की सुबह मौका लगते ही उसकी हत्या कर दी।

## दिल्ली में RBI बिल्डिंग में लगी आग, 15 मिनट में काबू

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मंगलवार दोपहर संसद मार्ग स्थित आरबीआई (RBI) की इमारत में अचानक आग लगने से कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। दमकल विभाग के मुताबिक, आग लगने की सूचना दोपहर करीब 1:05 बजे मिली, जिसके बाद तुरंत पांच दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। फायर ब्रिगेड की टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए महज 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया।

**एमसीबी बॉक्स से उठी थीं लपटें**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आग सोलर पैनल से जुड़े एमसीबी (MCB) बॉक्स में लगी थी। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में किसी के घायल होने या जनहानि की कोई सूचना नहीं है। गौरतलब है कि इससे पहले राजधानी के चावड़ी बाजार इलाके में भी एक इमारत में आग लगने की घटना सामने आई थी, जहां दमकल विभाग को तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करना पड़ा था।

# AAP पर भड़के राघव चड्ढा: BJP में गए सांसदों के उत्पीड़न का आरोप

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी उन सांसदों के खिलाफ खतरनाक बदले की राजनीति कर रही है। ये सांसद अप्रैल में आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। राघव चड्ढा के अनुसार, विलय के बाद से ही उनका लगातार उत्पीड़न हो रहा है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि उत्पीड़न के कई मामले सामने आए हैं। विश्व कप विजेता हरभजन सिंह के जालंधर स्थित निवास पर पथराव किया गया। पंजाब पुलिस की मदद से उनके घर के बाहर 'देशद्रोही' लिखा गया। उनकी माता और बहनों के बारे में आपत्तिजनक नारे भी लगाए गए। पद्म श्री राजेंद्र गुप्ता की पंजाब के मालवा इलाके में स्थित फैक्ट्री को बंद करने का प्रयास हुआ। पंजाब सरकार ने उनकी फैक्ट्री का पानी का कनेक्शन काट दिया। प्रदूषण बोर्ड ने छापा मारकर फैक्ट्री बंद करने की कार्रवाई शुरू की। सांसद संदीप पाठक, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के प्राध्यापक थे, उनके खिलाफ दो दुर्भावनापूर्ण और मनगढ़ंत प्राथमिकी दर्ज की गई। मीडिया के माध्यम से उनकी गिरफ्तारी की अफवाह फैलाई गई। राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी को चेतावनी दी कि यह खतरनाक खेल है जिसका अंत बुरा होगा। राघव चड्ढा ने बताया कि जब तक वे आम आदमी पार्टी के साथ थे, तब तक उन्हें अच्छा और संस्कारी बताया जाता था। पार्टी छोड़ने के बाद उन्हें गलत और भ्रष्टाचारी घोषित कर दिया गया। राघव चड्ढा ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार की एजेंसियों और पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। आम आदमी पार्टी इस प्रकार से गंदा खेल रच रही है। उन्होंने पहले भी आम आदमी पार्टी में 'जहरीली कार्य संस्कृति' होने की बात कही थी। उनका मानना है कि पार्टी भ्रष्टाचारी और समझौताग्रस्त लोगों के हाथों में फंस चुकी है। राघव चड्ढा ने पंजाब सरकार के अधिकारियों से भी अपील की है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे आम आदमी पार्टी सरकार की धमकियों से न डरें। नेता और विशेष कर्तव्य अधिकारी तबादले या निलंबन की धमकी दे रहे हैं। वे 6-7 लोगों के खिलाफ कार्रवाई चाहते हैं। राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार चंद महीनों की मेहमान है। अधिकारियों को कानून के तहत और देश हित में फैसले लेने चाहिए।

# विवेक विहार अग्निकांड: CM रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

● अग्नि सुरक्षा की सख्ती के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दिल्ली।** विवेक विहार में हुए दर्दनाक अग्निकांड के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने हादसे में जान गंवाने वालों के स्वजन के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। साथ ही अग्नि सुरक्षा के मानकों का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि घटना बेहद दुखद और चिंताजनक है, जिसे एक गंभीर चेतावनी के रूप में लिया जाना चाहिए।भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए अग्नि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, राजधानी की इमारतों में सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक जांच करने और जहां भी खामियां मिलें, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के आदेश दिए।उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा के नियमों के पालन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पीड़ित परिवारों ने अपने जरूरी दस्तावेजों के आग में जलने की जानकारी दी। इसपर सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सभी औपचारिकताएं पूरी करवाकर नए दस्तावेज बनवाए जाएं। इस दौरान विधायक संजय गोयल, पार्षद पंकज लूथरा समेत प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम के जाने के बाद भी पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। लोगों ने घटना पर शोक जताया।

**पुलिस ने एमसीडी को पत्र लिखकर मांगी जानकारी**

मंगलवार को भी पुलिस, फोरेंसिक साइंस लैब, दमकल विभाग और बीएसईएस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। टीम ने तमाम तथ्य जुटाए और आग लगने के कारणों की जांच की। पुलिस ने लापरवाही से मौत के मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआइआर दर्ज की थी। पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। पुलिस ने नगर निगम के उपायुक्त को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि इमारत का नक्शा किसने पास किया। पुलिस मामले में नगर निगम के जेई और एई समेत अन्य अधिकारियों को भी आरोपित बना सकती है। नक्शे के विपरीत हुए निर्माण के लिए नगर निगम के अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार माने जा रहे हैं। ऐसे में उनपर भी कार्रवाई तय मानी जा रही है। इसके साथ ही बिल्डर की भी जानकारी मांगी गई है। जिसने मानकों का उल्लंघन करते हुए इमारत बनाई है।